—: न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद :—

पीठासीन अधिकारी :— देवीलाल यादव (आर.ए.एस.)
राजस्व प्रकरण संख्या :— 38/2025

उनवान

1. नेपाल कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद, जाति रेगर निवासी, 1837, रिसाला मण्डी, नसीराबाद
2. सीमा पत्नी जुगराज जाति मेघवंशी निवासी ग्राम लवेरा, नसीराबाद

—— प्रार्थीगण :— जरियें अधिक्ता श्री शिवजीराम गुर्जर

बनाम

1. ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लवेरा, नसीराबाद
2. राजस्थान सरकार जरियें तहसीलदार नसीराबाद

—— अप्रार्थीगण :— 1 अनुपस्थित, 2 जरियें जरियें राज. पैरोकार

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

दिनांक :— 12.11.25

—: आदेश :—

अधिवक्ता प्रार्थीगण ने उक्त आवेदन पेश कर निवेदन किया कि ग्राम लवेरा के हाल खसरा नम्बर 819 रकबा 1.01, 822 रकबा 0.60 प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि है। उक्त आराजी पर आवागमन हेतु खसरा नम्बर 902, 859 का उपयोग किया जाता है। उक्त रास्ता राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है। उक्त आराजी में से आवागमन हेतु प्रार्थीगण के पास एकमात्र रास्ता है। अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग नही है। अतः प्रार्थीगण को अप्रार्थीगण की आराजी में से 30 फिट चौडा रास्ता दिलवाया जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरियें नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 बावजूद तामीली अनुपस्थित रहा। तहसीलदार नसीराबाद से मौका रिपोर्ट तलब की गयी।

बहस उभयपक्ष सुनी गयी।

पत्रावली का अवलोकन किया। विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण व राज. पैरोकार की बहस पर मनन किया। ग्राम लवेरा के हाल खसरा नम्बर 819 रकबा 1.01, 822 रकबा 0.60 प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि है। उक्त आराजी पर आवागमन हेतु खसरा नम्बर 902, 859 का उपयोग किया जाता है। खसरा नम्बर 902 अप्रार्थी संख्या 1 के नाम व खसरा नम्बर 859 सिवायचक खाते में दर्ज है। उक्त रास्ता राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है। तहसीलदार नसीराबाद की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीगण की खातेदारी आराजी पर आवागमन हेतु अन्य कोई मार्ग नही है। अन्य वैकल्पिक मार्ग का उल्लेख नही है। मौका रिपोर्ट पर प्रकरण का कोई [illegible] नही है। मौके पर कच्चा मार्ग होना बताया गया है। मौका रिपोर्ट से मार्ग की आत्यतिंक आवश्[illegible] होती है। प्रार्थीगण रास्ता प्राप्त करने के अधिकारी है। प्रार्थीगण [illegible] चाहा है। किन्तु कृषि कार्य के लिये 15 फिट मार्ग दिया जाना उचित होगा।

उक्तानुसार ग्राम लवेरा के हाल खसरा नम्बर 902 व 859 की आराजी पर

Signature Not Verified
Digitally signed by Devi Lal Yadav
Date: 2025.12.01 17:04:21 IST
Reason: SelfAttested

——2

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद (अजमेर)

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र **"स्वीकार"** किया जाता है। ग्राम लवेरा के खसरा नम्बर 902 में से 164 मीटर चौडा व 4.57 मीटर चौडा कुल 749.48 वर्ग मीटर भूमि व खसरा नम्बर 859 में से 4.57 मीटर चौडा व 703.78 वर्ग मीटर भूमि गै.मु. रास्तें के रूप में सिवायचक खाते में दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार नसीराबाद खसरा नम्बर 859 की भूमि के बदले 316278/अक्षरे तीन लाख सोलह हजार दो सौ अठतहर रूपये राजकोष में भुगतान व खसरा नम्बर 902 की भूमि के बदले 336819/ अक्षरे तीन लाख छत्तीस हजार आठ सौ उन्नीस रूपये अप्रार्थी संख्या 1 को भुगतान होने के बाद राजस्व अभिलेख में उक्तानुसार अमल दरामद कराने की कार्यवाही करावे। पक्षकार खर्चा स्वयं वहन करे।

आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद

Signature Not Verified

Digitally signed by Devi Lal Yadav
Date: 2025.12.01 17:04:21 IST
Reason: SelfAttested